(ग) इसकी रोकथाम के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये ?

सहकार मंत्री (डा० प० शा० देशमुख) : (क) लगभग ५ से १० प्रतिशत ।

(ख) २० (कुल प्रभावित क्षेत्र लगभग १०८० एकड़ था)

(ग) दिल्ली प्रशासन की प्लान्ट प्रोटेक्शन सर्विस (Plant Protection Service) ने उन किसानों की, जो कीट नाशी औषधियों की कीमत का ५० प्रतिशत देने को तैयार थे, प्रभावित फसलों की १३५ एकड़ भूमि में अभी तक छिड़काव किया है । आवश्यक छिड़काव की मशीनें और टेक्निकल सहायता बिना कीमत के दी गई । कन्ट्रोल आपरेशन्स (Control operations) अभी चल रहे हैं । उन किसानों को जिनकी फसलों में बीमारी है, छिड़काव कराने के लिए राज़ी किया जा रहा है ।

श्री सरजू पांडे : क्या में जान सकता हूं कि क्या देश के और भागों से भी इस बीमारी की सूचना मिली है ?

Dr. P. S. Deshmukh: This is the only information we have.

काश्मीर मेल

*८५७. **श्रीमती कृष्णा मेहता** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काश्मीर मेल में तीसरे दर्जे के यात्रियों के लिये सोने की व्यवस्था की जाने वाली है ; और

(ख) यदि नहीं , तो यह व्यवस्था न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज़ खां) : (क) अभी ऐसा कोई विचार नहीं है ।

(ख) तीसरे दर्जे में सोने का इन्तज़ाम सिर्फ कुछ चुनी हुई गाड़ियों में आज़माइश के तौर पर किया गया है । दो किस्म के डिब्बों की आज़माइश की जा रही है । नीचे-ऊपर तीन शायिकाओं (three-tier sleeping Birthe) का एक नया खाका भी तैयार किया गया है । इस बात का अन्दाज़ लगाया जा रहा है कि किस किस्म के शयन-यान (Sleeper Coach) में ज्यादा सहूलियत होगी । इसके बाद तीसरे दर्जे के ऐसे डिब्बे बनाये जायेंगे जिनमें सोने और बैठने के लिये जगह होगी और सोने की सुविधा कुछ दूसरी गाड़ियों में भी दी जायेगी ।

श्रीमती कृष्णा मेहता . दिल्ली कलकत्ता, दिल्ली मद्रास, दिल्ली बम्बई, दिल्ली लखनऊ और अलग अलग आठ जगहों पर आपने गाड़ियों में सोने का प्रबन्ध किया है, थर्ड-क्लास में । लेकिन उत्तरी रेलवे में ऐसा कुछ नहीं किया गया है । क्या में पूछ सकती हूं कि यह कब तक होगा ?

श्री शाहनवाज खां : जैसा कि मैंने कहा यह तजर्बे के तौर पर किया गया था । इस पर विचार किया जायेगा और जब फैसला हो जायेगा तो उत्तरी रेलवे पर भी इसको रायज किया जायगा ।

Shri Ajit Singh Sarhadi: Why not use this experiment in the north of Delhi also?

Shri Shahnawaz Khan: We cannot have an experiment everywhere.

सुश्री मणिबेन पटेल : क्या कभी इन तीन बर्थ वाले डिब्बों में सोकर भी देखा है कि कैसा लगता है ?

श्री शाहनवाज खां : जी हां, मैंने सोकर भी देखा है ।

अध्यक्ष महोदय : लेकिन यह तो मर्द हैं ।

If he has had the experience. women may not have the experience.